''राष्ट्रीय हिंदी दैनिक अखबार''

# समाचार गेट

TITLE CODE : HARHIN11569

वर्ष 02, अंक 106 पृष्ठ 08 मूल्य 01 रूपए वीरवार, 17 अप्रैल 2025 samachargate@gmail.com




# मुख्यमंत्री ने 36वें अंतर्राष्ट्रीय विधायी ड्राफ्टिंग प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रतिभागियों को किया संबोधित

**समाचार गेट/नरबीर यादव**

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि विधायी ड्राफ्टिंग तैयार करते समय केवल कानून की भाषा ही नहीं, बल्कि समाज की भावनाओं, जरूरतों और संभावनाओं पर भी विचार करना आवश्यक है। एक अच्छा विधायी ड्राफ्ट न केवल मौजूदा समस्याओं का समाधान करता है, बल्कि समाज को प्रगति की दिशा में भी ले जाता है। इसलिए विधायी प्रक्रियाओं में स्पष्टता, समानता और नागरिक भागीदारी को विशेष महत्व दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार ने लगातार यह सुनिश्चित करने का प्रयास किया है कि नीति निर्माण और कानून निर्माण की प्रक्रिया समावेशी और सशक्त हो। ई-गवर्नेंस के माध्यम से राज्य ने प्रशासन में पारदर्शिता लाई है तथा शिक्षा, स्वास्थ्य और महिला सशक्तिकरण जैसे क्षेत्रों में महत्वपूर्ण प्रगति की है। अब विधायी प्रक्रिया को और अधिक आधुनिक, समावेशी और सुलभ बनाने की दिशा में लगातार अग्रसर हैं। मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी आज हरियाणा विधानसभा में 16 अप्रैल से 21 अप्रैल, 2025 तक आयोजित किए जा रहे 36वें अंतर्राष्ट्रीय विधायी प्रारूपण प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रतिभागियों को संबोधित कर रहे थे। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम लोकसभा सचिवालय के संसदीय लोकतंत्र अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान (PRIDE) के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। इस पहल में 13 देशों के कुल 28 प्रतिभागी भाग ले रहे हैं। इस अवसर पर हरियाणा विधानसभा के अध्यक्ष श्री हरविंदर कल्याण भी उपस्थित थे।

**विधान ड्राफ्टिंग केवल एक तकनीकी कार्य नहीं, यह एक दूरदर्शी प्रक्रिया**

नायब सिंह सैनी ने कहा कि विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र के रूप में भारत को अपनी विधायी प्रणाली पर बहुत गर्व है, जिसने सामाजिक न्याय, समावेशिता और पारदर्शिता में निरंतर मिसाल पेश की है। विधायी ड्राफ्टिंग केवल एक तकनीकी कार्य नहीं, यह एक दूरदर्शी प्रक्रिया है जो सामाजिक परिवर्तन की भावना को



मूर्त रूप देती है, संवैधानिक मूल्यों को कायम रखती है और लोगों की आकांक्षाओं को प्रतिबिंबित करती है। उन्होंने कहा कि हमारे विधायी ड्राफ्टिंग एवं अनुसंधान संस्थान का आदर्श वाक्य है 'प्रारूपण ज्ञानम अभ्यासेन शोभते' अर्थात सही ड्राफ्टिंग के लिए निरंतर अभ्यास और ज्ञान जरूरी है। आज का यह प्रशिक्षण कार्यक्रम भी इसी अवधारणा पर आधारित है।

**हरियाणा ने डिजिटल विधायिका स्थापित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए**

मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा विधानसभा ने इस दिशा में सदैव पहल की है। पारदर्शी और उत्तरदायी विधायी प्रणाली के निर्माण के लिए हमने विभिन्न तकनीकी और संरचनात्मक बदलाव किए हैं। उन्होंने कहा कि हरियाणा विधानसभा ने डिजिटल विधायिका की दिशा में भी महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। इससे विधायकों की कार्य क्षमता में वृद्धि हुई है और आम जनता तक सूचनाओं की पहुंच भी आसान हुई है।

**प्रशिक्षण कार्यक्रम आपसी समझ को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है**

विधान ड्राफ्टिंग में अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का उल्लेख करते हुए, मुख्यमंत्री ने कहा कि यह प्रशिक्षण कार्यक्रम केवल एक औपचारिक अभ्यास मात्र नहीं है, बल्कि राष्ट्रों के बीच आपसी समझ, ज्ञान के आदान-प्रदान और विधायी पारदर्शिता की दिशा में एक सशक्त कदम है। यह मंच हमारे अनुभवों को साझा करने, एक-दूसरे की विधायी प्रणालियों को समझने और अपने-अपने लोकतांत्रिक संस्थानों को सशक्त बनाने का माध्यम है। आज जब विभिन्न देशों के प्रतिभागी एक साथ आए हैं, तो यह वैश्विक सहयोग और साझेदारी का प्रमाण है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन भारत के वसुधैव कुटुम्बकम् के शाश्वत दर्शन- दुनिया एक परिवार है, को और मजबूत करते हैं।

नायब सिंह सैनी ने कहा कि इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य प्रतिभागियों को विधायी विधायी ड्राफ्टिंग की बारीकियों, प्रक्रियाओं, संवैधानिक ढांचे और व्यावहारिक उदाहरणों से परिचित कराना है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इस कार्यक्रम में साझा किए गए ज्ञान और अनुभव प्रतिनिधिगणों के संबंधित देशों की विधायी प्रक्रियाओं को सशक्त बनाने में सहायक सिद्ध होंगे। उन्होंने कहा कि प्रतिभागियों की यात्रा केवल एक औपचारिक जुड़ाव नहीं है, बल्कि एक स्थायी दोस्ती की शुरुआत है। उन्होंने हरियाणा के लोगों की ओर से उन्हें आश्वासन दिया कि राज्य के दरवाजे उनके लिए हमेशा खुले रहेंगे। उन्होंने कहा कि जब आप अपने देशों में लौटेंगे, तो आप अपने साथ भारत और हरियाणा की समृद्ध संस्कृति, मित्रता, अतिथि सत्कार और सुखद अनुभवों की छाप अपने साथ लेकर जाएंगे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी और विधानसभा अध्यक्ष श्री हरविंदर कल्याण ने प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित भी किया।

**विधायी ड्राफ्टिंग कौशल विधायी प्रक्रिया की कुंजी है- अध्यक्ष श्री हरविंद कल्याण**

इस अवसर पर बोलते हुए हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष श्री हरविंद्र कल्याण ने कहा कि यह प्रसन्नता की बात है कि लोकसभा अध्यक्ष के मार्गदर्शन में प्राइड वर्ष 1985 से क्षमता निर्माण कार्यक्रम चला रहा है। ऐसे प्रशिक्षणों की श्रृंखला में, यह विधायी ड्राफ्टिंग में 36वां अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम है, जिसका उद्देश्य विधायी ड्राफ्टिंग कौशल को बढ़ाना है, जो विधायी प्रक्रिया में सबसे महत्वपूर्ण आवश्यकता है। उनके द्वारा प्राप्त बहुमूल्य अनुभव उनके कार्य क्षेत्रों में दक्षता और उत्साह बढ़ाएगा।

**संसदीय प्रणाली में सुधार और मजबूती के लिए उनके कार्यकाल के दौरान कई नई पहल की गई**

हरविंद्र कल्याण ने कहा कि विधानसभा अध्यक्ष के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान, उन्होंने संसदीय प्रणाली में सुधार और मजबूती के उद्देश्य से कई नई पहल की हैं। इन पहलों में विधायकों और विधानमंडल सचिवालय के कर्मचारियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करना, युवा संसदों का आयोजन करना, सभी विधानमंडल दलों के नेताओं की बैठकें आयोजित करना, संसदीय प्रणाली शून्य काल की प्रभावशीलता को बढ़ाना, विधायकों को सार्वजनिक महत्व के मामले उठाने के लिए पर्याप्त अवसर प्रदान करना और सदन में व्यवस्था और शिष्टाचार बनाए रखना शामिल है।

भारत सरकार के पूर्व विधि सचिव और प्राइड के पाठ्यक्रम निदेशक, श्री के.एन. चतुर्वेदी ने प्रशिक्षण कार्यक्रम का विस्तृत विवरण दिया और प्रभावी विधायी ड्राफ्टिंग के लिए प्रमुख आवश्यकताओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने हाल के वर्षों में हरियाणा में हुए महत्वपूर्ण विकास की भी प्रशंसा की। अपने अनुभव साझा करते हुए उन्होंने बताया कि दिल्ली से चंडीगढ़ की यात्रा के दौरान प्रतिनिधिमंडल ने प्रत्यक्ष रूप से देखा कि हरियाणा राज्य कितना प्रगतिशील और शांतिपूर्ण है। ग्रुप लीडर श्री एलेजांद्रो निकोलस वीसन नेमलसेफ ने इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के आयोजन के लिए हरियाणा विधानसभा और प्राइड का धन्यवाद किया। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इस कार्यक्रम के माध्यम से प्राप्त विधायी ड्राफ्टिंग में नई तकनीकें और बढ़ी हुई दक्षता निश्चित रूप से प्रतिभागियों को अपने-अपने देशों में लोकतांत्रिक प्रणालियों को और मजबूत करने में मदद करेगी। इस अवसर पर विदेश सहयोग विभाग के सलाहकार श्री पवन चौधरी, मीडिया सचिव श्री प्रवीण आत्रेय, लोकसभा एवं हरियाणा विधानसभा के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# घोटालों का पर्दाफाश होने से हाय-तौबा मचा रही है कांग्रेस पार्टी : पंडित मोहन लाल बड़ौली

**समाचार गेट/ब्यूरो**

**चंडीगढ़।** नेशनल हेराल्ड मनी लॉन्ड्रिंग मामले में भारतीय जनता पार्टी कांग्रेस पर हमलावर है। बुधवार को सोनीपत में पत्रकारों से बातचीत करते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल ने बड़ौली ने कांग्रेस नेताओं पर शेयरों की हेराफेरी, भ्रष्टाचार और हजारों करोड़ों रुपये की जमीन हथियाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार के चलते आज सोनिया गांधी और राहुल गांधी जमानत पर बाहर है।

कांग्रेस नेताओं के घोटालों का पर्दाफाश होने से कांग्रेस पार्टी हाय तौबा मचा रही है और धरना प्रदर्शन की बात कर रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी को सरकारी सम्पत्ति और फंड लूटने का कोई अधिकार नहीं है। पंडित मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि कांग्रेस के नेताओं ने कैसे 50 लाख रुपये में 90 करोड़ रुपये की संपत्ति हथिया ली इसका जवाब कांग्रेस पार्टी को देना चाहिए।

नेशनल हेराल्ड मामले पर बोलते हुए पंडित मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि देश के पहले प्रधानमंत्री पं. जवाहर लाल नेहरू ने 20 नवंबर 1937 को एसोसिएटेड जर्नल लिमिटेड यानी एजेएल का गठन किया था। एजेएल




के अंतर्गत अंग्रेजी में नेशनल हेराल्ड, हिंदी में नवजीवन और उर्दू में कौमी आवाज समाचार पत्र प्रकाशित हुए। पंडित नेहरू ने कभी भी एजेएल पर अपना मालिकाना हक नहीं जताया, 5,000 स्वतंत्रता सेनानी एजेएल में शेयर होल्डर थे। अखबार के प्रकाशन के लिए एजेएल को कई शहरों में सस्ते दामों पर सरकारों से जमीनें भी ली। 1956 में एजेएल को गैर-व्यावसायिक कंपनी के तौर पर स्थापित किया गया और कंपनी को कर से मुक्ति भी मिली, फिर कंपनी घाटे में चली गई और 2008 तक एजेल पर 90 करोड़ रुपये से ज्यादा का कर्ज चढ़ गया। श्री बड़ौली ने कहा कि कंपनी ने अखबारों का प्रकाशन बंद कर प्रॉपटी बिजनेस शुरू कर दिया। 2010 में सोनिया गांधी और राहुल गांधी की एंट्री हुई। 5 लाख रुपये से कांग्रेस ने यंग इंडिया लिमिटेड कंपनी बनाई और राहुल गांधी को कंपनी का डायरेक्टर नियुक्त किया। कंपनी में 38-38 प्रतिशत शेयर सोनिया गांधी और राहुल गांधी ने अपने पास रखे। 24 फीसदी शेयर कांग्रेस नेताओं मोतीलाल वोरा और ऑस्कर फर्नांडीस के पास थे।

कांग्रेस पार्टी द्वारा किए गए घोटालों पर बोलते हुए श्री बड़ौली ने कहा कि एजेएल के 10-10 रुपये के नौ करोड़ शेयर वाईआईएल को दे दिए गए और इसके बदले यंग इंडियन को कांग्रेस का लोन चुकाना था। 9 करोड़ शेयर के साथ यंग इंडियन को इस कंपनी के 99 फीसदी शेयर हासिल हो गए। इस तरह कांग्रेस पार्टी ने 26 फरवरी 2011 को इसकी 90 करोड़ की देनदारी की जिम्मेदारी ले ली व बाद में 90 करोड़ रुपये लोन के माफ भी कर दिए और 'यंग इंडिया लिमिटेड' को मुफ्त में एजेएल का मालिकाना हक मिल गया। श्री बड़ौली ने कहा कि कांग्रेस ने शेयर धारकों को भी धोखा दिया और सारे शेयर अपने नाम कर लिए।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि नेशनल हेराल्ड मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ईडी ने 15 अप्रैल 2025 को चार्जशीट दाखिल करते हुए सोनिया गाँधी, राहुल गाँधी, सैम पित्रोदा, सुमन दुबे को आरोपी बनाया। 11 अप्रैल 2025 को ईडी ने नेशनल हेराल्ड अखबार और एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड (एजेएल) से जुड़ी मनी लॉन्ड्रिंग केस की जांच की और 661 करोड़ रुपये की अचल संपत्तियों को कुर्क करने की बात कही। उन्होंने कहा कि ईडी ने 661 करोड़ की इन अचल संपत्तियों के अलावा एजेएल के 90.2 करोड़ रुपए के शेयरों को ईडी ने नवंबर 2023 में अपराध की आय को सुरक्षित करने और आरोपी को इसे नष्ट करने से रोकने के लिए कुर्क कर लिया।

# जन समस्याओं के समाधान को लेकर सरकार गंभीर : श्याम सिंह राणा

## शिकायतों के समाधान में शिकायतकर्ताओं की संतुष्टि सर्वोपरि : कैबिनेट मंत्री



**समाचार गेट/ब्यूरो**

**चंडीगढ़।** हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण, पशुपालन, डेयरी एवं मत्स्य, पालन विभाग मंत्री श्री श्याम सिंह राणा की अध्यक्षता में जिला लोक संपर्क एवं परिवेदना समिति की बैठक में 15 शिकायतों पर सुनवाई की गई। जिनमें से 6 का समाधान किया गया और 9 शिकायतों के समाधान के लिए, संबंधित अधिकारियों को अगली मीटिंग में रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। श्याम सिंह राणा आज जिला झज्जर में आयोजित जिला लोक संपर्क एवं परिवेदना समिति की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे।

बैठक में परिवादियों की संतुष्टि के साथ 6 षिकायतों का मौके पर ही निपटारा कर दिया गया। बैठक में निर्धारित एजेंडों के अलावा भी अन्य नागरिक अपनी शिकायत लेकर पहुंचे थे, जिनकी शिकायतों पर मंत्री द्वारा पूरी गंभीरता व संवेदनशीलता से संज्ञान लेते हुए अधिकारियों को त्वरित समाधान करते हुए नागरिकों को राहत देने के निर्देश दिए। परिवेदना समिति की बैठक की सुनवाई उपरांत श्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि सरकार नागरिकों की समस्याओं के समाधान को लेकर बेहद गंभीर है। मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी स्वयं जन समाधान व्यवस्था की निगरानी रख रहे हैं।

जन सुनवाई के दौरान कुछ ऐसे परिवाद भी सामने आए, जिनका समाधान जिला प्रशासन द्वारा पहले ही कर दिया गया था, इसलिए संबंधित शिकायतकर्ता बैठक में उपस्थित नहीं हुए। ऐसे मामलों में कैबिनेट मंत्री ने स्वयं शिकायतकर्ताओं को मोबाइल फोन पर कॉल करके समाधान की स्थिति जानी और पूछा कि क्या आप समाधान से संतुष्ट हैं? परिवादियों ने कहा मंत्री जी बहुत खुशी हुई है कि हमारी समस्या का समाधान हुआ और पूछा गया है। इस पर मंत्री ने अधिकारियों को उन परिवादों को विधिवत बंद करने के निर्देश दिए।

## ईडी ने नेशनल हेराल्ड मामले का अध्ययन करने के बाद ही राहुल व सोनिया को चार्जशीट किया है : अनिल विज

**समाचार गेट/ब्यूरो**



**चंडीगढ़।** हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन और श्रम मंत्री श्री अनिल विज ने नेशनल हेराल्ड मामले में ईडी द्वारा राहुल गांधी और सोनिया गांधी को चार्जशीट करने पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि ईडी ने सारा मामला स्टडी करके इन्हें अपनी बात रखने का सारा मौका दिया है। अब जो अनियमितताएं है जोकि सारा देश भी जनता है। ईडी ने आगे की कार्रवाई के लिए चार्जशीट दाखिल की है। श्री विज आज पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। वक्फ बोर्ड बिल संशोधन को लेकर पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में दंगे हुए हैं जिस पर कैबिनेट मंत्री अनिल विज ने कहा कि जिस प्रकार से पश्चिम बंगाल में दंगे हो रहे हैं हिंदुस्तान में ही हिंदुओ को पलायन करना पड़ रहा है। इससे लगता है बंगाल की मुख्यमंत्री ममता दीदी के अंदर बंग्लादेश के राष्ट्रपति मोहम्मद यूनिस की आत्मा आ गई है। ये किसी बड़े तांत्रिक को बैठा कर निकालनी पड़ेगी।

# डवलपमेंट के कार्य को लेकर भी निर्देश कार्य में ना बरती जाए कोताही : निगमायुक्त

**निगमायुक्त ए मोना श्रीनिवास ने ली समीक्षा बैठक**

**निगम अधिकारियों को बैठक में दिशा निर्देश जारी जल्द से जल्द शुरू कराए ड्रेनेज की सफाई**

**सड़कों की मरम्मत का कार्य शुरू करने के निर्देश**

**डवलपमेंट के कार्य को लेकर भी निर्देश कार्य में ना बरती जाए कोताही: निगमायुक्त ए मोना श्रीनिवास**



**समाचार गेट/ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** फरीदाबाद नगर निगम कमिशनर ए मोना श्रीनिवास ने आज निगम के अधिकारियों के साथ कार्यों की समीक्षा बैठक की।

बैठक में उन्होंने अधिकारियों को उचित दिशा निर्देश दिए हैं उन्होंने हरियाणा सरकार के आगामी 15 जून तक सभी नालों की सफाई और सड़क की मरम्मत के भी दिशा निर्देश दिए हैं उन्होंने कहा कि बारिश के समय से पहले ही आगामी 15 जून तक सभी ड्रेनेज की सफाई करना सुनिश्चित किया जाए । ताकि बरसात के दिनों में शहरवासियों को कोई परेशानी झेलनी ना पड़े ।

बैठक में एडिशनल कमिश्नर स्वपनिल रवीन्द्र पाटिल,

ओल्ड नगर निगम जोन से जॉइंट कमिश्नर राजेश कुमार ,एनआईटी ज़ोन के जॉइंट कमिश्नर हितेंद्र कुमार ,जॉइंट कमिश्नर बल्लभगढ़ करण भदौरिया के अलावा इंजीनियरिंग ब्रांच से अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में निगम कमिश्नर ए मोना श्रीनिवास ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं की लाल डोरा सर्टिफिकेट के कार्य को तेज गति से पूरा करना, प्रॉपर्टी टैक्स रिकवरी और नगर निगम द्वारा किए जाने वाले डेवलपमेंट के कार्यों को लेकर भी बैठक में विस्तार से चर्चा कर सभी कार्य को सुचारू रूप से शुरू कराने की बाबत दिशा निर्देश दिए हैं बैठक में कहा गया ही है कि चले हुए किसी भी कार्य में लापरवाही न बरतें और शहर में स्वच्छता पर विशेष ध्यान दें,इसके अलावा सड़को पर दिखाई देने वाले गड्ढों की मरम्मत कर सही कराने के निर्देश दिए हैं।






# संपादकीय

## बंग्लादेश में नाउम्मीदी का अंधेरा

बंगाल में वक्फ कानून को लेकर हिंसा का सिलसिला जिस तरह तेज और सांप्रदायिक होता जा रहा है, जिस तरह से हिन्दुओं को निशाना बनाया जा रहा है, उन्हें मुर्शिदाबाद से पलायन को विवश किया जा रहा है, वह मुस्लिम तुष्टीकरण और दुष्प्रचार की खतरनाक राजनीति का प्रतिफल तो है ही, वह कुशासन एवं अराजकता की भी चरम पराकाष्ठा भी है। नए वक्फ कानून को लेकर कुछ राजनीतिक दल मुस्लिम समाज को विशेषत: किशोर बच्चों को हिंसा एवं तोड़फोड के लिये जानबूझकर सड़कों पर उतारने में लगे हुए हैं। वे उन्हें अराजकता एवं उन्माद के लिए उकसा भी रहे हैं और तरह-तरह से प्रोत्साहन दे रहे हैं। अराजकता फैलाने वाले किस तरह बेखौफ हैं, इसकी पुष्टि इससे होती है कि वे सरकारी-गैरसरकारी वाहनों को तोड़ने, जलाने के साथ पुलिस पर भी हमले कर रहे हैं। बंगाल के विभिन्न जिलों में वक्फ कानून के विरोध के बहाने फैलाई जा रही अराजकता इसलिए भी थमने का नाम नहीं ले रही हैं, क्योंकि खुद मुख्यमंत्री ममता बनर्जी इस कानून के खिलाफ खड़ी होकर राजनीतिक रोटियां सेंकने का काम कर रही हैं। पश्चिम बंगाल में हिंसा का बढ़ना, हिन्दुओं में डर पैदा होना, भय का वातावरण बनना, आम जनजीवन का अनहोनी होने की आशंकाओं से घिरा होना चिंताजनक भी है और राष्ट्रीय शर्म का विषय भी है।



नरवीर यादव
कार्यकारी संपादक

यह बंगाल पुलिस के नाकारापन एवं ममता सरकार के मुस्लिम तुष्टिकरण का ही दुष्परिणाम है कि मुर्शिदाबाद के साथ ही अन्य शहरों में भी वक्फ कानून के विरोध की आड़ में हिंसा, तोड़फोड, आगजनी हो रही है। खतरनाक यह है कि इस दौरान हिंदुओं को जानबूझकर निशाना बनाया जा रहा है। इससे संतुष्ट नहीं हुआ जा सकता कि कलकत्ता उच्च न्यायालय ने वक्फ कानून विरोधियों की अराजकता से उपजे हालात का संज्ञान लिया। मामला सुप्रीम कोर्ट भी पहुंच गया है। इससे शर्मनाक एवं दर्दनाक और कुछ नहीं हो सकता कि मुर्शिदाबाद में 11 अप्रैल को हुई हिंसा के बाद करीब 500 हिंदू पलायन कर गए हैं। हिंदू परिवारों का आरोप है कि हिंसा के दौरान उनको चुन-चुनकर निशाना बनाया गया। उनके पीने के पानी में जहर तक मिला दिया गया है। इस हिंसा की जांच एजेंसियों ने पोल खोल दी है, यह हिंसा पूरी प्लानिंग के तहत की गई थी, जिसमें तुर्को से फंडिंग और स्थानीय मदरसों की मिलीभगत सामने आई है। हमलावरों को ट्रेनिंग दी गई और इनाम की व्यवस्था भी की गई थी। ममता बनर्जी एवं उनकी सरकार देश में एकमात्र ऐसी सत्तारुढ़ पार्टी एवं नेता बन गई है जिसका देश के संविधान, न्यायपालिका एवं लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भरोसा नहीं रह गया है।

वक्फ कानून का विरोध करने सड़क पर उतरे तत्वों के दुस्साहस का पता इससे चलता है कि वे सीमा सुरक्षा बल के जवानों को भी निशाना बनाने से नहीं हिचक रहे हैं। उनके इसी दुस्साहस के चलते मुर्शिदाबाद के हिंदुओं ने खुद को असहाय पाया। बंगाल में कानून के शासन ने सुनियोजित हिंसा के दुष्चक्र के समक्ष एक बार फिर समर्पण कर दिया। बंगाल में इसके पहले भी ऐसा हो चुका है। मई 2021 में विधानसभा चुनावों के बाद वहां तृणमूल समर्थक तत्वों ने अपने राजनीतिक विरोधियों को इतना आतंकित किया था कि वे जान बचाने के लिए असम में शरण लेने को मजबूर हुए थे। तब भी वहां पुलिस मूकदर्शक बनी हुई थी। ताजा हिंसक हालातों में राज्य सरकार और उसके नेता यह झूठ देश के गले में उतारने में लगे हुए हैं कि बंगाल में स्थितियां नियंत्रण में हैं। यह कैसा नियंत्रण है? यह कैसी शासन-व्यवस्था है? यह कैसा दोगलापन है? जिसमें एक समुदाय खुलेआम दूसरे समुदाय को निशाना बना रहा है। खुलेआम सार्वजनिक मंचों पर राष्ट्र-विरोधी विचारों का जहर घोला जा रहा है।

वक्फ कानून में संशोधन का विरोध विडम्बनापूर्ण होने के साथ देश में अराजकता फैलाने का माध्यम बना हुआ है। वक्फ कानून में संशोधन के तहत किसी मस्जिद, मदरसे आदि को लेकर किसी भी तरह के नुकसान, कब्जा करने या दखल की बात नहीं कही गयी है। इसके विरोधी चाहे जो तर्क दें, इससे कोई इंकार नहीं कर सकता कि वक्फ बोर्ड भ्रष्टाचार का अड्डा बने हुए थे और सरकारी-निजी जमीनों पर मनमाने तरीके से दावा कर दिया करते थे। उनकी इस मनमानी का शिकार अनेक मुस्लिम भी थे। क्या वक्फ कानून के विरोधी यह बताने की स्थिति में हैं कि वक्फ बोर्डों ने अभी तक कितने गरीब मुसलमानों की सहायता की? यह पहली बार नहीं है, जब किसी कानून के खिलाफ सड़कों पर उतरकर उपद्रव, हिंसा, आगजनी की जा रही हो। इसके पहले नागरिकता संशोधन कानून के खिलाफ भी ऐसा ही किया गया था। तब यह झूठ फैलाया जा रहा था कि इस कानून के जरिये मुसलमानों की नागरिकता छीन ली जाएगी। अब यह झूठ फैलाया जा रहा है कि नए वक्फ कानून के जरिये सरकार मस्जिदों और कब्रिस्तानों पर कब्जा करना चाहती है। यह निरा झूठ और शरारत ही है। वक्फ कानून के विरोधी भले ही लोकतंत्र और संविधान की दुहाई दे रहे हों, लेकिन ये उसकी धज्जियां ही उड़ा रहे हैं। वे वक्फ कानून पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले की प्रतीक्षा करने के लिए तैयार नहीं।

## नूंह जिले में 14 करोड़ रुपए की लागत से बनेगा ड्राइविंग स्कूल : उपायुक्त

समाचार गेट/अनिल मोहनियां

नूंह। प्रदेश सरकार की ओर से जिला नूंह को एक और नई सौगात दी गई है, जिसके तहत यहां के युवाओं को ड्राइविंग का प्रशिक्षण आसानी से मिलेगा। यह ड्राइविंग स्कूल जिला के गांव छपेड़ा में खोलने की तैयारी की जा रही है। इस स्कूल के निर्माण के लिए डिजाइन फाइनल किया जा रहा है। सरकार से डिजाइन अप्रूव होने के बाद जिला प्रशासन द्वारा इस के निर्माण पर त्वरित कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा बुधवार को लघु सचिवालय में आयोजित बैठक में जिला में बनने वाले ड्राइविंग स्कूल के निर्माण के संबंध में संबंधित विभागों द्वारा की जा रही कार्यवाही की प्रगति की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इस ड्राइविंग स्कूल के निर्माण पर करीब 14 करोड़ रुपए की लागत आएगी, जिसके लिए सरकार द्वारा 7 करोड़ रुपए की राशि भेजी जा चुकी है। अभी ड्राइविंग स्कूल के डिजाइन फाइनल करने संबंधी प्रक्रिया पर काम किया जा रहा है। सभी प्रकार की अप्रूवल होने पर स्कूल के निर्माण के लिए टैंडर प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी।

## जरूरी सूचना

सुधी पाठकों को सूचित किया जाता है कि समाचार गेट के नाम पर अगर कोई पत्रकार आपसे पैसे की मांग करता है तो कृपया 9212339503 पर संपर्क करें। समाचार गेट में कार्य कर रहे पत्रकार सिर्फ वही हैं जिनके नाम से खबर छपती हैं।

### फॉलोअप: मध्यरात्री तक चली सेहलंग में गोदाम पर की गई छापेमार कार्रवाई

# अधिकारियों ने रात्री के समय ही मार्केट फीस, जुर्माना व जीएसटी सहित 1933691 रूपये की वसूली की

### उठान कार्य के चलते आज बृहस्पतिवार को मंडी में नहीं होगी सरसों की खरीद

समाचार गेट/सुनील दीक्षित

कनीना। मुख्यमंत्री उड़न दस्ता रेवाड़ी व नारनौल की संयुक्त टीम द्वारा मंगलवार सांय सेहलंग में एक निजी गोदाम पर की गई छापेमारी में 2826 क्विंटल सरसों कब्जे में लेकर जांच कार्रवाई की गई। विभाग की ये कार्रवाई मध्य रात्री तक चलती रही। जिसके चलते बडे स्तर पर सरसों व गेहूं का व्यापार करने करने वाले लोगों में हडकंप मच गया। मार्केट कमेटी कनीना के सचिव विजय सिंह ने बताया कि 16814700 रूपये कीमत की सरसों पर 168147 रूपये की मार्केट फीस तथा 84074 रूपये का जुर्माना तथा 1681470 रूपये का जीएसटी टेक्स सहित कुल 1933691 रूपये की वसूली की।

गोदाम के मालिक कृष्ण कुमार ने रात्री के समय की उपरोक्त राशी को अदा कर दिया। जिससे पुलिस कार्रवाई की नोबत नहीं आई। क्षेत्र में हुं इस बडी कार्रवाई से अवैध रूप से सरसों व गेहूं का स्टॉक करने वाले व्यक्तियों में चिंता के भाव बढ गए। विश्वसनीय सूत्रों के मुताबिक क्षेत्र के विभिन्न गावों तथा कनीना में करीब दर्जनों गोदाम बने हुए हैं। जहां सरसों व गेहूं के अवैध स्टॉक मिलने की संभावना है। इस घटना के बाद मार्केटिंग बोर्ड के अधिकारी व मार्केट कमेटी के कर्मचारी मंडी का रूख करने लगे हैं।

बागोत रोड पर बने कृष्ण कुमार के इस गोदाम में खुली तथा कट्टों में सरसों भरी हुई थी। जिसका न कोई रिकॉर्ड मिला ओर न ही कोई बिल पर्चा उपलब्ध कराया गया। खुली पडी सरसों को बैग में भरकर वजन कराया गया जिसमें आधी रात बीत गई। छापेमार टीम ने बताया कि अवैध रूप से स्टॉक की गई सरसों राजस्थान से लायी गयी थी। जिसे किसानों के टोकन पर एमएसपी 5950 रूपये प्रति क्विंटल की दर से कनीना अनाज मंडी में बेचने की तैयारी थी।

इस टीम में मुख्यमंत्री उड़न दस्ता निरीक्षक राजेश, अश्वनी कुमार एसडीओ कम ड्यूटी मैजिस्टेट ,जीएसटी टीम के ईंचार्ज विक्रांत कुमार व मार्केट कमेटी कनीना के




सचिव विजय सिंह सहित अन्य कर्मचारी शामिल थे। इस छापेमार कार्रवाई के बाद मंडी की खरीद व्यवस्था तथा बाहर से आने वाली सरसों की निगरानी रखने सम्बंधी पहलुओं की कलई खुलकर सामने आ गई है।

सोमवार को जिला उपायुक्त डॉ विवेक भारती ने मंडी का निरीक्षण कर अधिकारियों को पारदर्शिता के साथ कार्य करने एवं उठान कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए थे। मंगलवार को एसडीएम डॉ जितेंद्र सिंह अहलावत ने खरीद कार्य,धर्मकांटे एवं उठान के सम्बंध में आरोपों की जांच करते हुए खरीद एजेंसी, मार्केट कमेटी, व्यापारियों तथा उठान ठेकेदार के बयान रिकार्ड कि थे।

सरसों की बाहर से आवक रोकने तथा डुप्लीकेट सरसों मिलने पर जिला प्रशासन द्वारा पुलिस केस दर्ज करने के आदेश जारी किए हुए है। बीते पखवाडे मार्केट कमेटी कर्मचारियों ने राजस्थान से आए 500 क्विंटल सरसों के दो ट्रकों को अलग-अलग तिथियों को काबू किया था जो कनीना मंडी की यादव ट्रेडिंग कम्पनी व श्याम ट्रेडिंग कम्पनी के बताए गए थे। जिनका मार्केट कमेटी ने 14875 रूपये की मार्केट फीस तथा 3720 रूपये जुर्माना लगाकर प्रत्येक से वसूला था। लेकिन उस समय इनसे जीएसटी नहीं वसूली गई थी।

मार्केट कमेटी के सचिव विजय सिंह ने बताया कि मंडी में आ रही सरसों व गेहूं खरीद के लिए व्यवस्था बनाई गई है। सेहलंग गोदाम में अवै रूप से स्टॉक की गई 2826 क्विंटल सरसों पर 1933691 रूपये मार्केट फीस, जुर्माना तथा जीएसटी टैक्स वसूला गया है। उन्होंने बताया कि बाहर से आने वाली सरसों तथा अन्य स्थानों पर बारीकी से नजर रखी जा रही है। सरसों की अधिक आवक होने के कारण आज बृहस्पतिवार, 17 अप्रैल को उठान कार्य के चलते सरसों की खरीद नहीं की जाएगी।

## वक्फ सुधार जन जागरण अभियान को लेकर प्रदेश समिति की अहम बैठक का आयोजन

### गरीबों का हक, गरीबों को मिले यही है उद्देश्य : जाकिर हुसैन

**बैठक में प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बड़ोली के अलावा कई वरिष्ठ नेताओं ने की शिरकत**



समाचार गेट/अनिल मोहनियां

नूंह। बुधवार को वक्फ सुधार जन जागरण अभियान के तहत गरीबों का हक, गरीबों को मिले उद्देश्य के साथ हरियाणा प्रदेश की प्रथम बैठक का आयोजन वक्फ संशोधन बिल की प्रदेश समिति के प्रदेश संयोजक व भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष चौधरी ज़ाकिर हुसैन पूर्व विधायक की अध्यक्षता में भाजपा जिला कार्यालय, सोनीपत में हुआ। बैठक में जमाल सिद्दीकी राष्ट्रीय अध्यक्ष, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा, मोहन लाल बड़ौली, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष, फणींद्रनाथ शर्मा, महामंत्री संगठन, डॉक्टर अर्चना गुप्ता, प्रदेश महामंत्री, सुरेंद पुनिया, प्रदेश महामंत्री, डॉ. असलम आदि वरिष्ठ नेताओं का मार्गदर्शन मिला।

बैठक का प्रमुख उद्देश्य वक्फ़ बोर्ड के कामों में पारदर्शिता लाने के लिए किए गए प्रावधानों को लोगों तक पहुंचाना और बताना कि इनसे उनकी आय बढ़ेगी जो कि मुस्लिम गरीबों के कल्याण के लिए खर्च की जाएगी, और यह बताना कि इन प्रावधानों से वक्फ़ बोर्डों या वक्फ़ की गई जायदादों के अस्तित्व पर कोई आंच नहीं आएगी। इस अहम बैठक में वक्फ़ संशोधन बिल की प्रदेश समिति के सभी सदस्यों ने हिस्सा लिया।

## कनीना मंडी में अब तक 41200 क्विंटल गेहूं व 167220 क्विंटल सरसों की हुई खरीद

समाचार गेट/सुनील दीक्षित

कनीना। कनीना की पुरानीमंडी में अब तक 1248 किसानों का क्विंटल गेहूं की खरीद हो चुकी है। खरीद एजेंसी फूड सप्लाई की ओर से एमएसपी 2425 रूपये प्रति क्विंटल की दर से खरीद की जा रही है। खरीदे गए गेहूं में से 25200 क्विंटल का उठान किया जा चुका है। खरीद एजेंसी की ओर से ध्यान सिंह ने बताया कि मंडी में बुधवार को बारदाने के रूप में साढे 37 हजार बैग उपलब्ध करवाए गए हैं। उठान कार्य में तेजी लायी जा रही है। दूसरी ओर नयी मंडी चेलावास में स्टेट वेयर हाउस की ओर से सरसों की खरीद की जा रही है। यहां पर अब तक 7450 किसानों से 167220 क्विंटल सरसों की खरीद की जा चुकी है। जिसमें से 128320 क्विंटल का उठान कर दिया गया है। बता दें कि उठान कार्य करने व मंडी को सुचारू रूप से संचालित करने के चलते आज बृहस्पतिवार, 17 अप्रैल को एक दिन का ब्रेक दिया गया है। किसान आज मंडी में सरसों लेकर न आएं। मार्केट कमेटी के सचिव विजय सिंह ने बताया कि सरसों की खरीद एजेंसी स्टेट वेयर हाउस तथा गेहूं की खरीद फूड सप्लाई द्वारा की जा रही है। मंडी में आने वाले किसानों के लिए सभी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। इस अवसर पर एएफएसओ केसर सिंह, निरीक्षक रमेश कुमार, धर्मबीर सिंह, राधेश्याम शर्मा, श्रीभगवान नितिन, हरिकिशन, अशोक कुमार, रविंद्र बंसल, सतीश कुमार उपस्थित थे।

## जेजेपी जल्द घोषित करेगी नया संगठन : जिला प्रभारी सुरेंद्र सिंह ठाकरान



**जेजेपी नूहँ हल्का संगठन का जल्द होगा विस्तार, जिला स्तरीय बैठक कर ली राय: जिलाध्यक्ष नासिर हुसैन बदरूद्दीन**

**दुष्यत होंगे हरियाणा के अगले मुख्यमंत्री : सुरेंद्र सिंह ठाकरान**

**नूंह पहुँचने हल्का के कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी से स्वागत किया : नासिर हुसैन**

**नूंह हलके के कार्यकर्ताओं के जोश ख़रोश को देखते हुए लगता है की आगामी चुनावों में जेजेपी के हाथों में कमान होगी नासिर हुसैन**

समाचार गेट/अनिल मोहनियां

नूंह। नई अनाज मंडी स्थित जेजेपी कार्यालय पर जननायक जनता पार्टी नूंह की हल्का स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया ।जिसमे जिले के प्रभारी सुरेंद्र ठाकरान पहुँचे।यहाँ पहुचने फूल मालाओं एवं शाल ओढ़ाकर कार्यकर्ताओं के द्वारा ज़ोरदार स्वागत किया गया कर उन्होंने सबसे पहले नूहँ हल्का के सभी कार्यकर्ताओं से विचार विमर्श किया तथा गत दिनों पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डाक्टर अजय सिंह चौटाला ने बैठक में हुए निर्णयों से सभी को अवगत करवाया। सभी कार्यकर्ताओं ने सर्वसम्मति दिखाते हुए कहा कि पार्टी हाईकमान का जो निर्णय होगा उसका सभी सम्मान करेंगे। वे जिसको भी जिम्मेवारी देंगे, सभी उसके साथ मिलकर संगठन को मजबूत करने का काम करेंगे। प्रभारी ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि जननायक जनता पार्टी जल्द ही अपनी हल्का कार्यकारिणी की घोषणा कर मजबूत संगठन बनाने का काम करेंगी। बैठक में जेजेपी जिलाध्यक्ष नासिर हुसैन ने बताया कि आज की बैठक नूहँ हल्का की गई।जल्द ही पुन्हाना और फिरोजपुर बैठकों का भी आयोजन कर जल्द ही नूंह जिले का संगठन तैयार किया जाएगा।

इस मौके पर मौजूद पूर्व प्रत्याशी जान मोहम्मद, पूर्व हलका प्रधान आस मोहम्मद, हलका अध्यक्ष मोहम्मद फारूक,युवा नेता साकिर हुसैन, आस मोहम्मद आकेड़ा डॉक्टर सागर, समय सिंह जेजेपी नेता,युवा उपाध्यक्ष अरशद हुसैन ,वरिष्ठ नेता सहाबुद्दीन घासेडा, हलका अध्यक्ष अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ राहुल सरपंच उदका ,नसीम अहमद रोजका मेव , ,हामिद ठेकेदार ,युसुफ खान ,जमील अहमद मालब,जिला उपाध्यक्ष आफ़ताब अहमद ,शेर मोहम्मद , सोहराब खान ,लियाकत अली ,ख़ालिद खान ,सहित नूहँ के सक्रिय कार्यकर्तागण उपस्थित रहें।

## कर्मचारियों की सुरक्षा और कल्याण के लिए कर्मचारी मुआवजा अधिनियम में विशेष प्रावधान

समाचार गेट/अनिल मोहनियां

नूंह। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा कर्मचारियों के अधिकारों और कल्याण को सुनिश्चित करने हेतु कर्मचारी मुआवजा अधिनियम, 1923 के अंतर्गत एक महत्वपूर्ण प्रावधान किए गए हैं। जिसके तहत कार्यस्थल पर दुर्घटना, अपंगता या मृत्यु की स्थिति में कर्मचारियों को उचित मुआवजा प्रदान किया जाता है। उपायुक्त ने कहा कि यह योजना श्रमिकों की सुरक्षा और सामाजिक न्याय की दिशा में सरकार का एक महत्वपूर्ण कदम है। इस अधिनियम के तहत, कार्यस्थल पर दुर्घटना में घायल होने या मृत्यु की स्थिति में श्रमिकों को आर्थिक सहायता दी जाती है। इसके अतिरिक्त, व्यावसायिक रोग होने पर भी श्रमिक मुआवजा प्राप्त कर सकते हैं। यह योजना सभी औद्योगिक संस्थानों में कार्यरत श्रमिकों, मोटर चालकों, ड्राइवरों, हेल्परों, मैकेनिकों, भवन निर्माण कार्य से जुड़े श्रमिकों, मशीनों पर काम करने वाले श्रमिकों, उत्खनन कार्य करने वाले श्रमिकों, रेलवे कर्मचारियों, जहाजों की मरम्मत और लोडिंग-अनलोडिंग करने वाले कर्मचारी, प्रिंट मीडिया के कार्यरत कर्मियों आदि पर लागू होती है।


## ध्यानार्थ:

हिन्दी दैनिक समाचार गेट एंव city24news.in द्वारा कवरेज की गई आपकी खबरों को आप यहां नीचे दिए गए लिंक पर क्लिक करके भी देख सकते हैं।

अगर आप हिन्दी दैनिक समाचार गेट की प्रिंट कॉपी लेना चाहते हैं तो आप फरीदाबाद ओल्ड रेड लाइट पर न्यूज पेपर स्टॉल से एंव गोपाल न्यूज पेपर एजेंसी अंबेडकर चौक बल्लभगढ से प्राप्त कर सकते हैं।

न्यूज पोर्टल पर देखने के लिए इस लिंक पर क्लिक करें
https://city24news.in/

फेसबुक पर देखने के लिए इस लिंक पर क्लिक करें
https://www.facebook.com/city24news.in

ई-पेपर देखने के लिए इस लिंक पर देखें
https://city24news.in/e-paper

आप अपनी खबर अथवा सूचना भेजने के लिए
samachargate@gmail.com
या 9818180269 पर भी भेज सकते हैं।

'राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
समाचार गेट
को TITLE CODE : HARHIN11569
आवश्यकता है
♦ हरियाणा के प्रत्येक जिले में ब्यूरो चीफ
♦ उपमंडल व ब्लॉक स्तर पर संवाददाता
♦ ग्रामीण संवाददाता ♦ फोटोग्राफर
♦ विज्ञापन प्रतिनिधि
इच्छुक युवक-युवती अपना बायोडेटा मेल करें-
samachargate@gmail.com
Cont.: 9212339503



# इन अजीबोगरीब इमारतों को देखकर आप भी हो जाएंगे हैरान,

## किसी का जूते तो किसी का टोकरी जैसा है आकार

दुनिया भर में कई ऐसी अजीबोगरीब और विचित्र जगहे हैं जिन्हें देख कर लोग हैरान रह जाते हैं। ऐसी कई जगह है जहां की विचित्र निर्माण शैली को देखकर आप भी सोच में पड़ जाएंगे कि बनाने वाले ने खूब बनाया है। इन्हें एक बार देखने के बाद आपका भी मन करेगा कि इन्हें प्रत्यक्ष रूप से देखा जाए। आज के इस लेख में हम आपको दुनिया की सबसे विचित्र और अनोखी इमारतों के बारे में बताने जा रहे हैं –

### उल्टा चर्च

कनाडा के कैलेग्री में स्थित चर्च को देखकर को देखकर आप भी हैरत में पड़ जाएंगे। यह चर्च देखने में उल्टा लगता है, जिसके कारण इसका नाम डिवाइस टू रूट आउट डेविल रखा गया है। इसका मतलब 'शैतान को जड़ से उखाड़ने का यंत्र।' इस चर्च की ऊंचाई करीब 7 मीटर और चौड़ाई 3 मीटर है। कनाडा आने वाले पर्यटकों के बीच यह चर्च आकर्षण का केंद्र है।

### नाचता मकान

नीदरलैंड में स्थित एक घर को देखकर आपको ऐसा लगेगा कि मकान नाच रहा है। इस अनोखे मकान का नाम दो प्रसिद्ध डांसर फेड एस्टेयर और जिंजर रॉजर्स के नाम पर रखा गया है। इस इमारत के दो हिस्से हैं। पहले भाग को शीशे से बनाया गया है, वही दूसरा हिस्सा सीधा है। इस मकान में कुल 9 मंजिलें हैं।

### टोकरी जैसा ऑफिस

ओहियो के नेवार्क शहर में एक ऑफिस का आकार लकड़ी की टोकरी जैसा है। यह इमारत लॉन्ग बर्गर का मुख्यालय है, जो की लकडी की टोकरी बनाने वाली एक कंपनी थी। इस इमारत का निर्माण 1997 में हुआ था। इसके सात मंजिलों के निर्माण में लगभग 3 करोड रुपए खर्च हुए थे। इस इमारत में ऊपर स्टील के दौरान जल दिए गए हैं और नीचे की टोकरी का आकार है।

### जूते के आकार का घर

पेंसिलवेनिया जाने वाले पर्यटकों को हैंस शू हाउस को जरूर देखना चाहिए। इस घर का आकर जूते की तरह है। यह विचित्र इमारत हेलन टाउनशिप में स्थित है। दुनियाभर से पर्यटक इस बिल्डिंग को देखने आते हैं।

### पुस्तकालय के आकार की इमारत

यूनाइटेड स्टेट्स के मिजूरी में कंसास सिटी एक पुस्तकालय के आकार की है। इसे बाहर से देखने पर ऐसा लगता है कि कई सारी किताबें रखी गई हों। इस अनोखी इमारत का आकार 25 से 9 फीट है। इस लाइब्रेरी की दक्षिणी दीवार पर 22 किताबों के अनोखे डिजाइन को इमारत बनाया गया है।



# गर्मी में घूमने के लिए यह हैं बेहतरीन जगहें

जब गर्मी का मौसम आता है तो मन करता है कि किसी ठंडी जगह पर जाकर रहा जाए। चिलचिलाती गर्मी सिर्फ तन को ही नही, मन को भी झिंझोड़कर रख देती हैं। ऐसे में समर वेकेशन में हम सभी किसी कूलिंग प्लेस पर जाना चाहते हैं। वैसे इस मौसम में घूमने के स्थान का चयन बेहद सोच-समझकर करना चाहिए। तो चलिए आज हम आपको कुछ ऐसी जगहों के बारे में बता रहे हैं, जहां पर आप गर्मी के दिनों में कुछ रिलैक्सिंग पल बिता सकते हैं-

### मनाली

भारत में लोकप्रिय ग्रीष्मकालीन अवकाश स्थलों में से एक, हिमाचल प्रदेश में मनाली में प्राकृतिक सुंदरता, और रोमांच का बेहतरीन संगम है। सुरम्य शहर बर्फ से ढकी पर्वत चोटियों और ब्यास नदी द्वारा पोषित हरियाली से घिरा हुआ है। आपकी छुट्टी का मुख्य आकर्षण रोहतांग दर्रे पर बर्फ का आनंद लेना है।

### मनाली में करने के लिए चीजें:

- हडिम्बा मंदिर, वन विहार हिमालयन निंगमापा गोम्पा मठ, क्लब हाउस आदि जगहों के दर्शनीय स्थल।
- सोलंग घाटी में साहसिक खेलों में शामिल हों।
- बर्फ का मजा लेने के लिए रोहतांग दर्रे पर जाएं।
- ब्यास नदी में रिवर राफ्टिंग करें।
- कुल्लू, मणिकरण गुरुद्वारा, जोगिनी जलप्रपात, अर्जुन गुफा, भृगु झील और वशिष्ठ हॉट-वाटर स्प्रिंग्स की यात्रा करें।
- सेब के बागों में जाएं।
- कैम्पिंग और ट्रेकिंग।

### शिमला

भारत में गर्मी का मौसम बिताने के लिए शिमला एक आदर्श स्थान है। हिमाचल प्रदेश में इसे 'हिल स्टेशनों की रानी' कहा जाता है। यहां की जलवायु के कारण ही ब्रिटिश उपनिवेश यहां हर गर्मियों में बसते थे। कई आवास विकल्प हैं, और आश्चर्य है।

### शिमला में करने के लिए चीजें:

- कालका से शिमला के लिए टॉय ट्रेन की सवारी करें।
- व्हाइट वाटर राफ्टिंग करें।
- खाने, खरीदारी करने और आनंद लेने के लिए माल रोड के आसपास घूमें।
- मॉल के पास खूबसूरत क्राइस्ट चर्च की सैर करें।
- जाखू हनुमान मंदिर तक ट्रेक करें।
- वाइसरीगल लॉज, क्राइस्ट चर्च आदि की ब्रिटिश वास्तुकला का अन्वेषण करें।
- कुफरी, चैल और मशोबरा की यात्रा, खूबसूरत पहाड़ी पर्यटन स्थल को एक्सप्लोर करें।

### दार्जिलिंग

पश्चिम बंगाल में दार्जिलिंग उत्तर पूर्व में लोकप्रिय समर हॉलिडे गेटवे में से एक है। हरी चाय के बागानों से घिरा, पहाड़ी शहर एक आरामदायक गर्मी की छुट्टी के लिए एकदम सही है। प्रकृति और मनुष्य द्वारा बनाए गए सुंदर स्थलों को एक्सप्लोर करें। मठों में तिब्बती जड़ों के बारे में जानें। मनोरंजक व्यवहार, खरीदारी और बहुत कुछ में शामिल हों।

दार्जिलिंग में करने के लिए चीजें:

- पहाड़ी शहर में जाने के लिए टॉय ट्रेन की सवारी करें।
- बतासिया लूप और गोरखा युद्ध स्मारक में आनंद लें।
- हैप्पी वैली टी एस्टेट में चाय बागानों को एक्सप्लोर करें।
- टाइगर हिल से राजसी सूर्योदय देखें।
- पद्मजा नायडू जूलॉजिकल पार्क में वन्यजीवों को एक्सप्लोर करें।
- माल रोड पर खरीदारी करें।

### मुन्नार

भारत का अपना देश कहा जाने वाला केरल भारत में लोकप्रिय हॉलिडे डेस्टिनेशन में से एक है। पश्चिमी घाट की हरी-भरी गोद में बसा मुन्नार गर्मी बढ़ने पर एक सुखद पलायन है। अपने खूबसूरत नजारों, चाय के बागानों, अनोखे वनस्पतियों और जीवों, मसालों की सुगंध और सुहावने मौसम के लिए प्रसिद्ध है।

### मुन्नार में करने के लिए चीजें:

- चाय बागानों की हरी-भरी सुंदरता का आनंद लें।
- कुंडला झील, इको पॉइंट और एलिफेंट लेक पर जाएं।
- अनामुडी पीक के लिए ट्रेक करें
- टाटा टी म्यूजियम को एक्सप्लोर करें।
- ट्री हाउस में रहें।
- इको पॉइंट तक ट्रेकिंग, माउंटेन बाइकिंग, कुंडला झील में शिकारा की सवारी।
- कार्मेलागिरी हाथी पार्क में हाथी सफारी।



# कर्नाटक के कुछ बेहतरीन हिल स्टेशन, एक बार जरूर जाएं घूमने

भारत के दक्षिण-पश्चिमी क्षेत्र में स्थित खूबसूरत राज्य कर्नाटक अपने हाई-टेक हब, नाइटलाइफ़, भव्य महलों, पुराने मंदिरों और वन्यजीव अभयारण्यों के लिए जाना जाता है। हालांकि, इस राज्य में हरे-भरे वातावरण और शांति प्रदान करते कई हिल स्टेशन भी हैं। जो लोग शहर की भीड़भाड़ से दूर प्रकृति के बीच कुछ शांत समय बिताना चाहते हैं, वह इन हिल स्टेशनों में जा सकते हैं। हरी-भरी पहाड़ियों, झरनों और सुविधाजनक स्थानों से लेकर ऐतिहासिक आकर्षणों और एड्रेनालाईन गतिविधियों तक, कर्नाटक के हिल स्टेशनों में बहुत कुछ है। तो चलिए आज हम आपको कर्नाटक के कुछ बेहतरीन हिल स्टेशनों के बारे में बता रहे हैं-

### चिकमगलूर, कर्नाटक

चिकमगलूर चाय और कॉफी के बागानों, दूधिया-सफेद झरनों और खूबसूरत पार्कों से भरपूर है। यहां पर घूमने के लिए लोकप्रिय स्थान हेब्बे फॉल्स, कल्लाथिगिरी फॉल्स, हनुमना गुंडी फॉल्स, भद्रा वन्यजीव अभयारण्य, महात्मा गांधी पार्क, कॉफी संग्रहालय, हिरेकोले झील, कोडंदरामा मंदिर आदि हैं। अगर आप यहा पर है तो चाय और कॉफी के बागानों में टहलें, उच्चतम मुल्लायनगिरी चोटी पर जाएँ, क्यातनामक्की में सुंदर दृश्यों का आनंद लें, अमृतेश्वर और विद्याशंकर मंदिर में जाएं।

### नंदी हिल्स, कर्नाटक

4849 फीट की ऊंचाई पर स्थित नंदी हिल्स कर्नाटक के सबसे प्रसिद्ध हिल स्टेशनों में से एक है। हरे भरे परिवेश, ट्रेकिंग ट्रेल्स और आश्चर्यजनक दृश्यों के अलावा, इस जगह में कई स्मारकों और मंदिरों के साथ एक लोकप्रिय ऐतिहासिक किला भी है। यहा पर घूमने के लिए लोकप्रिय स्थान टीपू की बूंद, टीपू का ग्रीष्मकालीन निवास, अमृता सरोवर, भोग नंदीश्वर मंदिर, ब्रह्मश्रम, नेहरू निलय, ग्रोवर ज़म्पा वाइनयार्ड आदि है।

### सिरसी, कर्नाटक

घने जंगलों के बीच बसा कर्नाटक का यह आकर्षक हिल स्टेशन, बैंगलोर से एक आदर्श वीकेंड गेटवे है। विविध वन्यजीवों से भरे घने उष्णकटिबंधीय जंगलों से लेकर सुरम्य झरनों और हरी-भरी पहाड़ियों तक, सिरसी की प्राकृतिक सुंदरता आपको मंत्रमुग्ध कर देगी। अगर आप यहा पर है तो मुरेगर फॉल्स, शिवगंगा फॉल्स, बुरुड फॉल्स, उंचल्ली फॉल्स, विभूति फॉल्स, मरिकंबा मंदिर, श्री महागणपति मंदिर, गुडवी पक्षी अभयारण्य आदि जगहों को जरूर एक्सप्लोर करें।

### माले महादेश्वर या एमएम हिल्स, कर्नाटक

सात पहाड़ी श्रृंखलाओं, एमएम हिल्स समुद्र तल से 3200 फीट की ऊंचाई पर स्थित है और 'स्वयंभू' या स्वयं प्रकट रूप में भगवान शिव के साथ एक प्राचीन मंदिर के लिए प्रसिद्ध है। धार्मिक स्थलों के अलावा, यह स्थान वनस्पतियों और जीवों में समृद्ध है, जो इसे वन्यजीव प्रेमियों और एड्रेनालाईन के दीवाने लोगों के बीच एक लोकप्रिय आकर्षण बनाता है। यहां पर आने वाले हर यात्री को श्री माले महादेश्वर मंदिर, थाला बेट्टा, नागमाले हिल्स आदि जगहों पर जरूर जाएं। साथ ही घने जंगलों में हाथियों और अन्य जानवरों को देखना ना भूलें।

### गंगामूला, कर्नाटक

हरे-भरे और घने जंगलों से घिरा गंगामूला उन लोगों के लिए एक आदर्श स्थान है जो प्रकृति की गोद में क्वालिटी टाइम बिताना चाहते हैं। हिल स्टेशन एक धुंधली जलवायु और आश्चर्यजनक परिदृश्य और आकर्षण का आनंद लेता है। यह स्थान तीन महत्वपूर्ण नदियों- तुंगा, भद्रा और नेत्रावती का उद्गम स्थल होने के लिए भी प्रसिद्ध है। यहां पर घूमने के लिए लोकप्रिय स्थानों में हनुमना गुंडी जलप्रपात, श्री अन्नपूर्णेश्वरी मंदिर, सिरिमाने जलप्रपात, गोमतेश्वर प्रतिमा, चतुर्मुख बसदी, श्री वेंकटरमण मंदिर, अंबा तीर्थ आदि शामिल है। अगर आप यहां पर हैं तो कुरिंजल पीक और नरसिम्हा पर्वत के लिए ट्रेक, कुद्रेमुख राष्ट्रीय उद्यान की प्राकृतिक सुंदरता को देखें। भगवती प्रकृति शिविर में प्रकृति की सैर, जीप सफारी और ट्रेकिंग का आनंद लें।

# गर्मियों की छुट्टियों में घूमने का प्लान बना रहे हैं तो भूलकर भी इन जगहों पर न जाएं वरना पड़ेगा पछताना

हर साल गर्मियों की छुट्टी में लोग कहीं ना कहीं घूमने जाते है। यह एक ऐसा समय होता है जब आप अपने परिवार के साथ अच्छा समय बिताते हैं और खूब मौज मस्ती करते हैं। ऐसे में गर्मियों की छुट्टियों में भारत की कई जगहों पर सैलानियों की भारी भीड़ देखने को मिलती है। लेकिन गर्मियों में कहीं भी घूमने का प्लान बनाने से पहले वहां का तापमान जरूर देख लें। गर्मियों में तेज धूप और लू में कही बाहर घूमना किसी सिरदर्द से कम नही है। ऐसा में अगर आप किसी ऐसी जगह घूमने का प्लान बना लेते हैं जहां भीषण गर्मी होती है तो आपका समय और पैसा दोनों बर्बाद होंगे। आज के इस लेख में हम आपको बताएंगे कि गर्मियों में कहां जाने से बचना चाहिए –

### आगरा, उत्तर प्रदेश

वीकेंड ट्रिप के लिए लोग अक्सर आगरा घूमने का प्लान बनाते हैं। यहाँ पर मौजूद दुनिया के सातवें अजूबे को देखने के लिए दुनियाभर से लोग आते हैं। आगरा मे घूमने के लिए और भी कई बेहतरीन जगहें हैं। लेकिन गर्मी में यहाँ घूमना आपके लिए सिरदर्द बन सकता है। दरअसल, गर्मियों के मौसम में आगरा का तापमान बहुत बढ़ जाता है। तेज धूप में संगमरमर से बना ताजमहल भी तपने लगता है और आप कही बाहर भी नहीं घूम सकते हैं। इसलिए यहाँ गर्मियों में जाने का प्लान ना ही बनाएं।

### जैसलमेर, राजस्थान

राजस्थान का जैसलमेर न केवल भारतीय बल्कि विदेशी पर्यटकों की लिस्ट में भी शामिल है। जैसलमेर को गोल्डन सिटी के नाम से भी जाना जाता है। यहाँ हर साल दुनिया भर से लाखों पर्यटक आते हैं और सफारी का लुफ्त उठाते हैं। खाना की गर्मियों में जिप्सी गिरी शहर में घूमना काफी कठिन हो सकता है। गर्मियों में जैसलमेर का टेंपरेचर 40 डिग्री सेल्सियस के पार चला जाता है। इतनी भीषण गर्मी में जैसलमेर की यात्रा करना अच्छा आइडिया नहीं है।

### गोवा

घूमने के शौकीन लोगों की लिस्ट में गोवा का नाम सबसे ऊपर आता है। यहां लोग अपने दोस्त या पार्टनर के साथ मौज मस्ती करने के लिए पहुंचते हैं। यहां के खूबसूरत बीच, नाइटलाइफ और खुला माहौल युवाओं को अपनी ओर आकर्षित करता हैं। लेकिन गर्मियों के मौसम में गोवा घूमने का प्लान बनाने से पहले एक बार जरूर सोच लें। गर्मियों में तेज धूप में आप ठीक तरह से घूम नहीं पाएंगे और आपके पैसे सिर्फ बर्बाद ही होंगे।

### चेन्नई, दक्षिण भारत

दक्षिण भारत का चेन्नई शहर घूमने के लिहाज से बेहतरीन है। यहा कई सारे मंदिर, बीच और अन्य दार्शनिक स्थल है। लकी गर्मियों में यहां का पर बहुत अधिक बढ़ जाता है। ऐसे मे गर्मियों के मौसम में चेन्नई मे घूमना मुश्किल हो जाता है। इसलिए आप गर्मियों में चेन्नई घूमने का प्लान ना ही बनाए।



# राष्ट्रीय अग्नि सेवा सप्ताह जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सराय ख्वाजा फरीदाबाद में अग्निशमन विभाग एवं विद्यालय की जूनियर रेडक्रॉस और सेंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड के सौजन्य से अग्नि सुरक्षा के संबंध में अवेयरनेस प्रोग्राम आयोजित किया गया। जूनियर रेडक्रॉस काउंसलर प्राचार्य रविन्द्र कुमार मनचंदा ने बताया कि अग्नि विभाग के अधिकारियों द्वारा यह महत्वपूर्ण जागरूकता कार्यक्रम राष्ट्रीय अग्नि सेवा सप्ताह के अंतर्गत आयोजित किया गया जिसे प्रत्येक वर्ष 14 अप्रैल से 20 अप्रैल तक मनाया जाता है। इस सप्ताह का उद्देश्य समाज में अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलाना और लोगों को आग लगने की स्थिति में सही कदम उठाने की जानकारी देना होता है। प्राचार्य रविन्द्र कुमार मनचंदा ने कहा कि अग्निशमन अधिकारियों ने छात्रों को विभिन्न प्रकार की आग,-,ऋ,ष्ट,ष्ठ श्रेणी के बारे में जानकारी दी और बताया कि किस प्रकार की आग पर किस तरह के उपाय किए जाने चाहिए। उन्होंने विशेष रूप से रसोई में सिलेंडर से संबंधित दुर्घटनाओं पर ध्यान केंद्रित किया। उदाहरण के तौर पर यदि सिलेंडर में आग लग जाए और उसे बाहर खुले स्थान पर ले जाना संभव न हो, तो उसके नॉब के ऊपर गीला तौलिया डाल देना चाहिए ताकि ऑक्सीजन की आपूर्ति बंद हो सके और आग बुझ सके। उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि यदि कोई उपाय न किया जा सके, तो उस स्थान को तुरंत खाली कर देना चाहिए और स्वयं की सुरक्षा को प्राथमिकता देनी चाहिए। छात्रों को यह भी बताया गया कि आपातकालीन स्थिति में 101 पर कॉल करके मदद ली जा सकती है। प्राचार्य मनचंदा ने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य संदेश था एकजुट हों, अग्नि-सुरक्षित भारत को प्रज्वलित करें। इस आयोजन ने न केवल छात्रों में जागरूकता पैदा की, बल्कि उन्हें जीवनरक्षक ज्ञान भी प्रदान किया जो भविष्य में बेहद उपयोगी सिद्ध हो सकता है। इस कार्यक्रम में विद्यालय में शारीरिक विज्ञान प्राध्यापिका दीपांजलि का विशेष सहयोग रहा। प्राचार्य मनचंदा ने अग्नि विभाग से आए अधिकारियों, प्राध्यापिका दीपांजलि और सभी विद्यार्थियों का जागरूक करने और जागरूक होने के लिए धन्यवाद और आभार व्यक्त किया।

# दो बेसहारा बुजुर्ग भाईयों का सहारा बना ताऊ देवीलाल वृद्धाश्रम



**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** बुजुर्गों को सहारा देने वाली संस्था नवजन मोर्चा समिति(रजि0) ताऊ देवीलाल वृद्धाश्रम 2डी-ब्लॉक ने दो बेसहारा बुजुर्ग भाईयों को आश्रम में सहारा देकर ना केवल सामाजिक कार्य किया है ब्लकि दो अनमोल जिन्दगी को भी बचाया है।

समिति के संचालक किशन लाल बजाज को पैनल एडवोकेट रविन्द्र गुप्ता व राजेन्द्र प्रसाद गौतम ने फोन पर सूचना दी कि दो बुजुर्ग बीके अस्पताल के पास लावारिस हालत में बैठे है किशन लाल बजाज बिना समय गंवाए अपनी पुत्री कोमल बजाज और टीम के अन्य सदस्यों को साथ मौके पर पहुचें और तुरंत उन्हें उठाकर वृद्धाश्रम में लेकर आए और खानपान दिया। पूछताछ करने पर पता चला कि दोनो बुजुर्ग भाई है और उनके आगे पीछे कोई नहीं है। दोनों बुजुर्गो ने अपना नाम नवीन शर्मा उम्र 69 वर्ष, मोहन शर्मा उम्र 58 पुत्र एसपी शर्मा बताया। किशन लाल बजाज ने बुजुर्गो को आश्वासन दिया कि जब तक चाहे वह आश्रम में रह सकते है और उनके खाने और पहनने की भी व्यवस्था की जाएगी। कृष्ण लाल बजाज ने बताया कि बुजुर्गो के बारे में लिखित सूचना 3 नंबर पुलिस में दे दी जाएगी।

# अग्रवाल कॉलेज में अग्नि सुरक्षा जागरूकता प्रशिक्षण शिविर का किया आयोजन



**समाचार गेट/सुमित गोयल**

**बल्लभगढ़।** अग्रवाल कॉलेज बल्लभगढ़ में अग्नि सुरक्षा एवं आपातकालीन तैयारियों पर आधारित अग्नि जागरूकता प्रशिक्षण शिविर का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को अग्नि सुरक्षा से संबंधित आवश्यक जानकारी प्रदान करना एवं आपातकालीन परिस्थितियों में उनके प्रतिक्रिया कौशल को सशक्त बनाना था। यह शिविर कॉलेज के अध्यक्ष देवेंद्र गुप्ता महासचिव दिनेश गुप्ता तथा प्राचार्य डॉ.संजीव गुप्ता के कुशल मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। विंग-1 के प्रभारी डॉ. सचिन गर्ग के नेतृत्व में कार्यक्रम का सुनियोजित संचालन हुआ, जिन्होंने संपूर्ण आयोजन को सुव्यवस्थित और प्रभावी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम के दौरान डॉ. सचिन गर्ग ने जीवन-कौशल प्रशिक्षण के महत्व पर बल देते हुए कहा कि, ऐसे जागरूकता शिविर न केवल छात्रों को सुरक्षित रहने के लिए प्रशिक्षित करते हैं, बल्कि उन्हें जिम्मेदार नागरिक बनने की दिशा में भी प्रेरित करते हैं। उन्होंने कॉलेज की उस प्रतिबद्धता को रेखांकित किया जिसमें अकादमिक उत्कृष्टता के साथ-साथ सुरक्षा और सामाजिक जागरूकता पर भी विशेष बल दिया जाता है।

शिविर का मुख्य आकर्षण रहा उप अग्निशमन अधिकारी श्री कपिल देव जी द्वारा आयोजित लाइव फायर मॉक ड्रिल, जो स्थानीय अग्निशमन विभाग की टीम के सहयोग से संपन्न हुई। इस व्यावहारिक प्रदर्शन ने छात्रों को वास्तविक परिस्थितियों में अग्निशमन उपकरणों के संचालन और प्राथमिक बचाव तकनीकों की जानकारी प्रदान की छात्रों ने अत्यंत उत्साह के साथ प्रशिक्षण में भाग लिया और अग्नि सुरक्षा उपकरणों के उपयोग का प्रत्यक्ष अनुभव प्राप्त किया। यह प्रशिक्षण न केवल उनके ज्ञान में वृद्धि का माध्यम बना, बल्कि आत्मविश्वास और तत्परता का विकास भी सुनिश्चित किया। इस अवसर पर कॉलेज के प्रमुख संकाय सदस्य भी उपस्थित रहे, जिनमें डॉ. शिल्पा गोयल डीन प्रबंधन विभाग, डॉ. सीमा मलिक एचओडी, मोहिनी वर्मा एचओडी कंप्यूटर विभाग, डॉ. दीपमाला, रितिका, पारुल, प्रीति, रीना, डॉली और सोनिया यादव के नाम विशेष रूप से उल्लेखनीय है।

# सियासत के तहत सेवानिवृत डीजीएम यूएस भारद्वाज की छवि को बिगाड़ा जा रहा




**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** हरियाणा पर्यटन निगम में 32 साल तक विभिन्न पदों तथा पर्यटक स्थलों पर कार्यरत रहे डीजीएम उमाशंकर भारद्ववाज के सेवानिवृत होने के आखरी दिनों में उन पर आरोप लगा कर भ्रम पैदा करने की कोशिश की जा रही है ।विभाग से सेवानिवृत्त हुए व कार्यरत कुछ अधिकारी जो अपनी रंजिश व स्वार्थ के लिए कुछ सूरजकुंड में कार्यरत कर्मचारी को बहला फुसला कर झूठी और बिना तथ्यात्मक शिकायत देकर डी जी एम यू एस भारद्वाज की छवि बिगाड़ने में लगे हैं ।शिकायत करने वाले वहीं लोग हैं जो उनके द्वारा निगम में रहते हुए हासिल की गई उपलब्धियों से ईर्ष्या रखते हैं। उमाशंकर भारद्ववाज के काम और कार्यशैली से 32 वर्षों में निगम के उच्च अधिकारियों के साथ-साथ सरकार ने भी उनके काम को सराहा है क्योकि उनको हर बार सौंपी गई जिम्मेदारी पर वह हमेशा खरा उतरे हैं। निगम में सिर्फ काम करने वाले अधिकारियों की जरूरत है। उमाशंकर भारद्वाज ने नोडल ऑफिसर रहते हुए अंतर्राष्ट्रीय सूरजकुंड मेले का तीन बार सफल आयोजन किया। जी 20 व शंघाई कारपोरेशन ऑर्गेनाइजेशन जैसी अंतरराष्ट्रीय संस्था जिसमे 20 शह ज़्यादा देश शामिल थे। उनकी ईमानदारी, कर्तव्य निष्ठा और मेहनत से साफ है कि वह काम करने में विश्वास रखते हैं। अंतराष्ट्रीय सूरजकुंड मेले के सफल आयोजन के लिए उनको माननीय गवर्नर साहेब से बेस्ट परफोरमेस अवॉर्ड से भी सम्मानित किया गया। 32 साल तक निगम में काम करने के दौरान उनके खिलाफ कभी कोई शिकायत नहीं मिली व न ही कोई आरोप लगे है।

**कई सफल आयोजन के सारथी बने भारद्वाज**

भारद्वाज के कार्यकाल में कई बार भारतीय जनता पार्टी के सम्मेलन आयोजित हुए, जिनमें देशभर के गृहमंत्रियों का एक सम्मेलन भी आयोजित किया गया। इन सभी सम्मेलनों में सारी व्यवस्था उमाशंकर भारद्वाज द्वारा ही की गई थी। हर कार्यक्रम के बाद बेहतर इंतजाम के लिए प्रशंसा की गई। जिला प्रशासन फरीदाबाद ने भी 26 जनवरी समारोह में पर्यटन में उत्कृष्ट कार्य के लिए उनको सम्मानित किया ।कई बार निगम की तरफ से उनके बेहतरीन प्रदर्शन के लिए प्रशंसा पत्र भी दिया गया। श्री भारद्वाज का 32 वर्ष का कार्यकाल जहां विवादों से दुर साफ एवं स्वच्छ छवि का रहा, वहीं उन्होंनेनिगम के पर्यटन केंद्रो पर अपनी पोस्टिंग के दौरान लगते ही रिकॉर्ड सेल बढ़ाई ।इनके मृदुल स्वभाव एवं शांत व्यवहार के चलते टूरिज्म कर्मचारी व टूरिस्ट गेस्ट्स भी उनसे प्रसन्न रहते थे।

# सिद्ध पीठ श्री हनुमान मंदिर मार्केट नंबर 1 के प्रांगण में धूमधाम से मनाया गया डा. राजेश भाटिया का जन्मदिवस

## राजनेताओं एवं गणमान्य लोगों ने दी जन्मदिवस की बधाई



**समाचार गेट/सुमित गोयल**

**फरीदाबाद।** सिद्धपीठ श्री हनुमान मंदिर मार्किट नंबर-एक तथा ब्यापार मंडल फरीदाबाद के प्रधान डा. राजेश भाटिया का जन्मदिवस आज धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान डॉ अनिल मलिक श्री सनातन धर्म महावीर दल के बच्चों एवं अध्यापकगण द्वारा प्रधान डॉ राजेश भाटिया का स्वागत किया व उनसे केक कटवा कर उनको जन्मदिन की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्हें राजनेताओं ने, व्यापारी संगठनों ने, धार्मिक एवं सामाजिक संगठनों ने फूलों के गुलदस्ते व मिठाई इत्यादि खिलाकर जन्मदिन की बधाई दी। सर्वप्रथम डा. राजेश भाटिया ने अपने जन्मदिवस पर सुबह मँदिर में पूजा अर्चना करते हुए हवन यज्ञ में आहुति डाली और परमपिता परमात्मा से आर्शीवाद लिया।

इस दौरान उन्होंने जरूरतमंद लोगों को फल एवं मिठाईयां बांटी और अपना जन्म दिवस मनाया, इस मौके पर डा. राजेश भाटिया ने कहा कि आज जिस प्रकार से उनके जन्मदिवस पर शहर के गणमान्य लोगों ने उन्हें बधाई दी है, उसके लिए वह सदैव उनके आभारी रहेंगे और जरूरतमंदों की सेवा क के लिए सदैव तत्पर रहेंगे। इस अवसर पर नंदराम पाहिल, आई एस जैन, अमरजीत सिंह सनी भाटिया, तिलक बिधूड़ी, श्याम बांगा, कालू चौधरी, मोहनलाल अरोड़ा, हनी गजक वाले, मनीष जीत सिंह, अमर बजाज, सुधीर भाटिया, प्रेम भाटिया, ललित भाटिया, नीरज भाटिया, सुनीता भाटिया, राधेश्याम भाटिया, गौरव भाटिया, बंसीलाल कुकरेजा, राजकुमार चौधरी, मनोज चोपड़ा, सत्यदेव शर्मा, मनोज अरोड़ा, भारत कपूर, प्रेम बब्बर, संदीप भाटिया, वेद भाटिया, वेद मामा, अब्दुल सत्तार, बिट्टू डंग, पंकज बत्रा, बॉबी सितोरिया, सागर सरपंच, बिल्ला, कमल कपूर, सचिन भाटिया, रिंकल भाटिया, अजय वर्मा, पंकज अरोड़ा, मनजीत, दिनेश भारद्वाज, जतिन गांधी, चंदन गौड़, गगन अरोड़ा, विनय धतरवाल, अमित शर्मा, श्री मूर्ति सेवक सत्यम अरोड़ा, सुरेंद्र गेरा, कमल आहूजा, रूपेश देव, लाल सिंह, विमल खंडेलवाल, आशीष अरोड़ा, सिद्धार्थ नरूला, संजना नरूला, जावेदखान, हरिंदर नौनिहाल, बब्बू भाटिया, पवन मत्तोलिया, मधु मटोलिया, सुनील तंवर, हरीश भाटिया, दर्शन भाटिया, सुशील भाटिया, दीपन मदान, राकेश भाटिया, संजीव ग्रोवर, संजय अरोड़ा, राजन भाटिया, रवि नागपाल, लोचन भाटिया, कमल अरोड़ा, कैलाश गुगलानी, राजू भाटिया, कमल चोपड़ा, सुशील भाटिया, दिलीप सिंह, डॉक्टर रजनीश ढींगरा, अभय गिरी, सुरेश गौतम, भावना, मोनू बब्बर, राजेश खन्ना, हितेश आहूजा, पुनीत ठक्कर, मन्नू भाटिया, मनी, हरिंदर, सोनू पांडे, सनी चावला, भगत जी, संजय अरोड़ा, सुनील गुलाटी, किशन खन्ना, इंद्र चावला, अमित नरूला, प्रदीप भाटिया, सुंदर भाटिया, रवि डुडेजा, भूटानी मामा, राजू, किशन, राहुल पाहवा, अनिल चावला, अभी भाटिया, चुन्नीलाल खत्री, फिरोज खान, अश्विनी बवेजा, दविंदर डंग, तपस्या मेहरा, मोनिका सैनिक कॉलोनी, कमल किशोर, तिलक मदान, जितेंद्र खत्री, हिमांशु व अन्य गणमान्य लोग शामिल रहे।

# आरोहण ट्रस्ट द्वारा सरकारी स्कूल सीही में 150 छात्राओं को स्कूल बैग किए वितरित



**समाचार गेट/सुमित गोयल**

**बल्लभगढ़।** राजकीय कन्या प्राथमिक पाठशाला सीही सैक्टर 08 के प्रांगण में आरोहण ट्रस्ट ने 150 छात्राओं को स्कूल बैग वितरित किए। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे विद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर जयप्रकाश वैष्णव ने व प्राइमरी विद्यालय के प्रभारी संजय ने एवं सामाजिक संस्था जनहित सेवा संस्था फरीदाबाद के प्रधान संतसिहं हुड्डा ने ट्रस्ट की चेयरपर्सन नेहा गर्ग व उनकी पूरी टीम का पौधा भेंट कर अभिनंदन कर स्वागत किया। इस अवसर पर ट्रस्ट की चेयरपर्सन नेहा गर्ग ने कहा कि ट्रस्ट समय-समय पर जनहित में अनेक सामाजिक कार्य आपसी सहयोग से करता रहता है। भविष्य में भी स्कूलों में मूलभूत सुविधाओं का सहयोग करते रहेंगे। भविष्य में पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधारोपण अभियान भी चलाएंगे। विद्यालय के प्राचार्य डॉ जयप्रकाश वैष्णव ने व कार्यक्रम का मंच संचालन कर रहे जनहित सेवा संस्था के प्रधान संतसिहं हुड्डा ने आरोहण ट्रस्ट के अनेक जनकल्याणकारी सामाजिक कार्यो के बारे में विस्तार से बताया व ट्रस्ट के इस परोपकारी कार्य के लिए आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में अमर बंसल,आंचल गर्ग, शिल्पी शर्मा, आयशा गोयल, प्रियंका छाबड़ा, दीप्ति ठाक्कर , शालिनी शुक्ला, अर्चना, रोहित कुमार, नरेश कुमार, राजेश कुमार, विपिन , मधु बौसला, सन्तसिहं हुड्डा का विशेष सहयोग रहा। इस अवसर विद्यालय के सभी अध्यापकगण विशेष रुप से मौजूद रहे।

# ज्यादा से ज्यादा सौलर एनर्जी का उपयोग करने वाले गांव को किया जाएगा मॉडल सौलर घोषित : एडीसी प्रदीप सिंह मलिक

**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** अतिरिक्त उपायुक्त प्रदीप सिंह मलिक ने बताया कि प्रधानमंत्री सुर्य घर मुफ्त बिजली योजना स्कीम के क्रियान्वयन हेतु डीएलसी कमेटी गठन किया गया है। जिसमें उपायुक्त अध्यक्ष, अतिरिक्त उपायुक्त सदस्य, अधीक्षण अभियंता, डिस्कॉम सदस्य सचिव, सीईओ, जिला परिषद, अग्रणी जिला प्रबंधक, परियोजना अधिकारी, डीएनआरई, जिला परिषद चेयरमैन जान मोहम्मद, रफीक हतोड़ी, नरेन्द्र शर्मा, महेन्द्र पाल सगेल, अहमद, गुजर नंगला को भी सदस्य बनाया गया है। उन्होंने बताया कि हरियाणा सरकार के दिशा-निदेशानुसार सामाजिक आर्थिक और जाति जनगणना 2011 डाटा के तहत जिले के अंदर जिन गांव की जनसंख्या 5000 व उससे अधिक है उनको मॉडल सौलर गांव हेतु बतौर सदस्य के रूप में चुना गया है।

मॉडल सौलर गांव के चयन हेतु इन गांवों में 6 माह के लिए प्रतिस्पर्धा की जानी है। उन्होंने बताया कि प्रतिस्पर्धा के दौरान जिस गांव ज्यादा से ज्यादा सौलर एनर्जी का उपयोग होगा उस गांव को मॉडल सौलर गांव घोषित करके 1 करोड़ रुपए की अतिरिक्त राशि प्रदान की जाएगी।

जिले में 37 गांव इस प्रतिस्पर्धा में शामिल होगें। अतिरिक्त उपायुक्त ने बताया कि जिन गांवों को शामिल किया गया है उनमें खंड फिरोजपुर-झिरका से साकरस, दोहा, अंगोन, बीवां, तहसील इंडरी से इंडरी, सुद्धाका, तहसील नगीना से रिठट, उमरा, भादस खंड नूंह से फिरोजपुर-नमक, घासेड़ा, टांई, सालाहेड़ी, अड़बर, मालब, मेवली, देहाना, उजीना, अलालपुर, देवला नंगली, तहसील पिनगवां झिमरावट, खोरी शाहाचौखा, तेड़,शिकरावा, खंड पुन्हाना से लुहिंगकलां, जमालगढ़, गुलालता, सिरोली, बिसरू, सिंगार, नई, बिछोर, खंड तावडू से मोहम्मदपुर अहीर, धुलावट, सहसोला सहित अन्य गांव को सौलर एनर्जी के लिए चुना गया है।


**फ्री होम डिलीवरी, अखबार की कटिंग साथ लाने पर 10 प्रतिशत की छूट संपर्क करें: 9811153271**




